प्रेस विज्ञप्ति

''राष्ट्रीय एकता दिवस 31.10.2022 पुलिस फोर्स द्वारा शहर के मुख्य बाजार में मार्च-पास्ट''

दिनांकः-30.10.2022

दिनांक 31.10.2022 को देशभर में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाया जावेंगा। इस अवसर पर दिनांक 31.10.2022 को वक्त सायं 05.00 बजे पुलिस आयुक्तालय जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, प्रथम बटालियन आर.ए.सी. जोधपुर, आरपीटीसी, पीटीएस व यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा संयुक्त मार्च पास्ट का आयोजन किया जायेगा। जिसमें तीन बैण्ड जोधपुर आयुक्तालय, आरपीटीसी व आरएसी सम्मिलित होगें। जो बैण्ड ध्वनि के साथ मार्च पास्ट के आगे रहेगें। मार्च -पास्ट का रूट- श्री राजकीय उम्मेद स्टेडियम जोधपुर से रवाना होकर गौराधाय छत्री, नई सडक चौराहा, घण्टाघर चौराहा होकर घण्टाघर के अन्दर पहुॅच कर सम्पन्न होगीं।

मार्च-पास्ट का उदेश्य-जोधपुर शहर के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं सुरक्षा का सन्देश पहुॅचाना है।

(चैनसिंह महेचा)

लाईजनिंग अधिकारी
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर